

लिटन के हेलमेट पर लगी थी शमी की गेंद

21वें ओवर की तीसरे गेंद, मोहम्मद शमी ने तेज बाउंसर फेंकी। दास उसे पुल करने करने गए लेकिन रफ्तार से चूक गए। गेंद उनके हेलमेट से लगी और ऑफ साइड की ओर गई। लिटन दास ने फौरन अपना हेलमेट उतारा और उसे देखा। शमी ने आगे बढ़कर खेद जताया। फिजियो ने जांच के बाद दास को बल्लेबाजी के लिए फिट बताया। असल में नियमानुसार जब भी किसी खिलाड़ी के सिर या गर्दन पर गेंद लगेगी उसकी जांच फिजियो द्वारा की जाएगी। जब तक फिजियो की ओर से अनुमति नहीं मिल जाती वह आगे नहीं खेल सकता। इससे अगली ही गेंद पर उन्होंने शानदार चौका लगाया।

## लिटन दास रिटायर्ड हर्ट, मेहदी हसन बने कन्कशन सब्सिट्यूट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। बांग्लादेश के विकेटकीपर बल्लेबाज कोलकाता टेस्ट से बाहर हो गए हैं। कन्कशन सब्सिट्यूट के तौर पर मेहदी हसन बल्लेबाजी करने उतरे हैं। मोहम्मद शमी की एक गेंद उनके हेलमेट पर लगी थी। इसके बाद खेल रोकना पड़ा और फिजियो ने आकर दास की जांच की थी। हालांकि इसके बाद भी वह बल्लेबाजी करते रहे लेकिन लंच से पहले वह रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर चले गए। वह बल्लेबाजी नहीं कर पा रहे थे।

सपर ब्रेक से दो गेंद पहले लिटन ने अंपायर से बात की। ऐसा लग रहा था कि वह बल्लेबाजी करते हुए सहज महसूस नहीं कर रहे थे। वह मैदान से बाहर चले गए। गेंद उनके माथे के दाएं ओर लगी थी। बांग्लादेश ने उनके स्थान पर कन्कशन खिलाड़ी के रूप में ऑफ स्पिनर मेहदी हसन को चुना। बांग्लादेश की मजबूरी यह थी कि उसके पास बेंच पर कोई विशेषज्ञ बल्लेबाज नहीं था। सैफ हसन पहले ही चोटिल हो गए थे और अब लिटन भी 24 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए।

# भारत का स्कोर 100 के पार विराट व पुजारा क्रीज पर

**क्रिकेट**

पहले डे नाइट टेस्ट मैच में बांग्लादेश के कप्तान मोमिनुल हक ने टॉस जीता

## घरेलू मैदान पर 12 साल बाद दिखा इशांत के पंजे का दम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और बांग्लादेश के बीच खेले जाने वाले पहले डे नाइट टेस्ट मैच में बांग्लादेश के कप्तान मोमिनुल हक ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। बांग्लादेश का ये फैसला टीम के हक में नहीं रहा और पूरी टीम पहली पारी में 106 रन पर सिमट गई। पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने 2 विकेट के नुकसान पर 103 रन बना लिए हैं। इस वक्त क्रीज पर विराट कोहली और चेतेश्वर पुजारा मौजूद हैं। इस मुकाबले के लिए भारतीय टीम ने प्लेइंग इलेवन में कोई बदलाव नहीं किया। बांग्लादेश की टीम में



दूसरे टेस्ट के लिए दो बदलाव किया गए। अल अमीन और नईम को प्लेइंग इलेवन में जगह दी गई जबकि ताइजुल और मेहदी हसन को बाहर किया गया।

टीम इंडिया के 100 रन पूरे हो चुके हैं। रोहित व मयंक के आउट होने के बाद कप्तान विराट कोहली व चेतेश्वर पुजारा ने भारतीय पारी के काफी अच्छी तरह से संभाला है। ओपनर बल्लेबाज रोहित शर्मा ने बांग्लादेश के खिलाफ पहली पारी में 21 रन बनाए और इबादत हुसैन की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हुए। हालांकि उन्होंने रिव्यू लिया था, लेकिन फैसला उनसे हक में नहीं रहा और वो आउट करार दिए गए। कोलकाता टेस्ट की पहली पारी में मयंक अग्रवाल सस्ते में आउट हो गई। उन्होंने सिर्फ 14 रन बनाए और अल अमीन की गेंद पर उनका कैच मेंहदी हसन ने लिया। उन्होंने 21 गेंदों का सामना किया।

**बांग्लादेश की टीम 106 रन पर सिमटी:** भारत के खिलाफ अपने पहले गुलाबी टेस्ट मैच की पहली पारी में बांग्लादेश की टीम भारतीय गेंदबाजों से सामने पूरी तरह से धराशाई हो गई। बांग्लादेश की टीम सिर्फ 106 रन पर सिमट गई। भारत की तरफ से इशांत शर्मा ने पांच विकेट, उमेश ने तीन जबकि शमी ने दो विकेट लिए।

**ममता बनर्जी और शेख हसीना ने बजाया बेल:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मैच से पहले बेल बजाकर मैच के आगाज का ऐलान किया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष सौरव गांगुली भी इन दोनों के साथ यहां मौजूद थे।

## सेंचुरी के बाद, डेविड वॉर्नर ने नन्हे फैन को गिफ्ट किए ग्लव्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ब्रिसबन। पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज के पहले टेस्ट में डेविड वॉर्नर ने अपने टेस्ट करियर की 22वीं सेंचुरी लगाई। इसके साथ ही उन्होंने जो बर्न्स के साथ मिलकर शानदार साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। ऑस्ट्रेलिया ने ब्रिसबन के मैदान पर मैच के दूसरे दिन पाकिस्तान के खिलाफ 72 रनों की बढ़त हासिल कर ली है। बर्न्स अनलकी रहे कि वह सेंचुरी से चूक गए और 97 रन बनाकर यासिर शाह की गेंद पर बोल्ड हो गए। वॉर्नर और बर्न्स के बीच 222 रनों की साझेदारी हुई। दिन का खेल खत्म होने तक मार्नस लाबुशाने



55 रन बनाकर नाबाद थे। लेकिन वॉर्नर अपनी पारी के अलावा एक और बात के लिए सुर्खियां बटोर रहे हैं। दरअसल, वॉर्नर ने एक नन्हे फैन को अपने ग्लब्स गिफ्ट किए और यह विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को पहली पारी में 240 रनों पर समेट दिया। वॉर्नर ने नाबाद 151 रनों की पारी खेली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की छह टेस्ट पारियों में पहली बार वह 50 के पार गए।

इस बीच वॉर्नर ने अपने एक काम से दर्शकों का दिल जीत लिया। मैदान से बाहर जाते हुए उन्होंने अपने दस्ताने एक यंग फैन को थमा दिया। यह नन्हा फैन ऑस्ट्रेलियाई टीम का हौसला बढ़ाने आया था। बच्चा इस बात से हैरान रह गया वहीं जोश हेजलवुड भी वॉर्नर की इस बात से खुश नजर आ रहे थे।

वॉर्नर बॉल टैंपरिंग विवाद के चलते एक साल तक क्रिकेट से दूर रहे थे। उन्होंने एशेज सीरीज में टेस्ट क्रिकेट में वापसी की थी हालांकि वह सीरीज उनके लिए भुलाने वाली रही और उन्होंने 10 पारियों में सिर्फ 95 रन बनाए थे।

## टीम इंडिया के तेज गेंदबाजों ने झटके 10 विकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और बांग्लादेश के बीच खेले जा रहे पिंक बॉल टेस्ट मैच को पहले ही दिन भारतीय तेज गेंदबाजों ने यादगार बना दिया। इशांत शर्मा, उमेश यादव और मोहम्मद शमी ने मिलकर बांग्लादेश की पूरी टीम को पवेलियन का रास्ता दिखाया। भारतीय सरजमीं पर टेस्ट इतिहास में यह महज चौथा मौका है जब तेज गेंदबाजों ने विरोधी टीम को ऑलआउट किया।

टॉस जीतकर बांग्लादेश के कप्तान मोमिनुल हक ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। भारत की धारदार गेंदबाजी के आगे पूरी टीम महज 106 रन पर ढेर हो गई। टीम इंडिया के अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा ने 5 विकेट झटकर इतिहास रच दिया। वह पिंक बॉल से 5 विकेट हासिल करने वाले पहले गेंदबाज बने। उमेश यादव ने तीन जबकि शमी ने दो विकेट चटकाए।

बांग्लादेश के खिलाफ कोलकाता डे नाइट टेस्ट में तेज गेंदबाजों का बोलबाला रहा। 30. 3 ओवर में से 29.3 ओवर इशांत, उमेश और शमी ने डाले। कप्तान विराट कोहली ने सिर्फ एक स्पिनर रविंद्र जडेजा का प्रयोग किया। जडेजा ने सिर्फ 1 ओवर गेंदबाजी की।बांग्लादेश के 10 विकेट तीनों तेज गेंदबाजों के नाम रहे।

## न्यूज डायरी



### सचिन–हरभजन का पहली बार हुआ था नेट्स में सामना, हो गई मिसअंडरस्टैंडिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोलकाता के ऐतिहासिक इडेन गार्डेस मैदान पर आज भारत और बांग्लादेश की टीमें आज नया इतिहास लिख रही हैं। दोनों टीमें यहां पहली बार गुलाबी गेंद से डे–नाइट टेस्ट मैच खेल रही हैं। मैच में पहले सत्र के बाद भारत के पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों ने मैच का प्रसारण कर रहे चौनल के साथ एक खास कार्यक्रम किया। इस कार्यक्रम में सचिन तेंडुलकर और हरभजन सिंह ने अपनी पहली मुलाकात के दौरान हुई मिसअंडरस्टैंडिंग का खुलासा किया। सचिन ने बताया, जब नेट्स में हम दोनों अभ्यास कर रहे थे तो भज्जी कई बार बोलिंग करते हुए मेरे पास आ गए और बोले जी पा जी। मैं उन्हें बोलता था कि जाओ बोलिंग करो। सचिन ने बताया, ऐसा कई बार हुआ लेकिन मुझे समझ नहीं आया। कई सालों बाद जब भज्जी टीम इंडिया में आ गए और उन्होंने अपनी जगह पक्की कर ली। तब भज्जी ने ही इस बात का खुलासा किया कि आखिर उस पहली ही मुलाकात में क्या मिसअंडरस्टैंडिंग हुई थी।

### रिद्धिमान साहा ने एतिहासिक डे–नाइट टेस्ट मैच में पूरे किए अपने 100 शिकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के पहले एतिहासिक डे–नाइट टेस्ट मैच का इंतजार खत्म हुआ और इस कभी ना भूलने वाले पल का गवाह कोलकाता का ईडन गार्ड्न स्टेडियम बना। भारत व बांग्लादेश के इस एतिहासिक टेस्ट के मौके पर कई पूर्व क्रिकेटर समेत बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीन भी मौजूद रहीं। बंगाल की मुख्य मंत्री ममता बनर्जी ने घंटी बजाकर इस टेस्ट की शुरुआत की। इस मैच के पहले दिन ईडन गार्ड्स का पूरा स्टेडियम खचाखच भरा था और इसे देखकर लगा का पिंक गेंद से टेस्ट की इससे बेहतर शुरुआत शायद ही कुछ और हो सकती थी। रिद्धिमान साहा ने इस टेस्ट की पहली पारी में इशांत की गेंद पर महमूदुल्लाह का बेहतरीन कैच लपका साथ ही साथ उन्होंने एक अन्य बल्लेबाज यानी टीम के ओपनर शादमान इस्लाम का भी कैच उमेश यादव की गेंद पर लपका। इस दो कैचों की मदद से उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अपने 100 विकेट पूरे कर लिए।

### राशिद खान संयुक्त छठे स्थान पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोटा किनाबालू। भारतीय गोल्फर राशिद खान शुक्रवार को 300,000 डालर इनामी राशि के सबाह मास्टर्स के दूसरे दौर के खेल में संयुक्त छठे स्थान पर हैं। खराब मौसम के कारण दिन का खेल पूरा नहीं हो सका और दूसरे दौर में इस भारतीय खिलाड़ी का चार होल का खेल बचा हुआ है। दूसरे दौर के 14 होल के खेल के बाद उनका कुल स्कोर छह अंडर का है। अन्य भारतीयों में आदिल बेदी और उदयन माने 10 होल के खेल के बाद तीन अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 14वें स्थान पर थे। करणदीप कोचर 11 होल के खेल के बाद संयुक्त रूप से 32वें स्थान पर है। खालिन जोशी ने दूसरे दौर का खेल पूरा कर लिया और वह संयुक्त रूप से 52वें स्थान पर है। पहले दौर में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अमन राज ने दूसरे दौर में लय बरकरार नहीं रख सके और 11 होल के बाद तीन ओवर के स्कोर किया है। ज्योति रंधावा संयुक्त (69,74) ने दो दौर का खेल पूरा कर लिया है और फिलहाल संयुक्त 61वें पायदान पर है। उनका कट हासिल करना दूसरे खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा।

### अहलावत ने 68 का कार्ड खेलकर तीन शाट की बढ़त ली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** डिगबोई। गुरूग्राम के गोल्फर वीर अहलावत ने शुक्रवार को इंडियन आयल सर्वो मास्टर्स गोल्फ के तीसरे दौर में चार अंडर 68 का कार्ड खेलकर अपनी बढ़त तीन शाट तक बढ़ा ली। अहलावत का इस 60 लाख रूपये इनामी टूर्नामेंट में तीन दिन का कुल स्कोर 15 अंडर 201 है। बेंगलुरू के गोल्फर अभिषेक झा और एम ६ ार्मा 12 अंडर 204 के समान स्कोर से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। इन दोनों ने दो अंडर 70 का कार्ड खेला।